तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट




11 शहीदी सप्ताह के अवसर पर गुरूद्वारा में लगा कीर्तन दरबार





00 विद्यार्थियों ने मंच पर भगवान श्री कृष्ण की ...


## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी का आरोपी 24 घंटे में पकड़ाया



**बेमेतरा।** दो पहिया वाहन चोरी के आरोपी युवक को बेरला पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी युवक घनश्याम यादव पूर्व में भी चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है। उसके पास से चोरी की स्कूटी को बरामद कर धारा-331(4), 305 (ए) बीएनएस कायम कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर प्रार्थी सुनील जैन उम्र 54 साल बेरला थाना बेरला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर के पीछे खड़ी उनकी स्कूटी क्रमांक सीजी 25 के 2585 को कोई अज्ञात चोर रात्रि में चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बेरला में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचना संकलन का कार्य करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर के सूचना मिली कि बारगांव निवासी घनश्याम यादव पिता सेवाराम यादव उम्र 19 वर्ष कोसपातर (बारगांव) थाना बेरला एक स्कूटी लेकर गांव आया है। सूचना पर तस्दीक करने पर आरोपी घनश्याम यादव के पास से प्रार्थी की चोरी हुई स्कूटी जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्र आर दीनानाथ यादव, प्र आर रविन्द्र तिवारी, प्र आर विनोद पात्रे, आर संजय पाटिल, आर सौरभ सिंह, आर खुशाल बोरकर, आर नुरेश वर्मा की भूमिका रही।

### डौंडीलोहारा में मानस गान सम्मेलन आज से

**डौंडीलोहारा।** नगर के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में संजीवनी मानस समिति द्वारा 3 दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक रखा गया है। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा। समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### सीसी सड़क निर्माण के लिए कलेक्टर से मिले ग्रामीण

**बालोद।** ग्राम पंचायत फरदफोड़ वार्ड क्रमांक 08 निवासी कमलेश कुमार निषाद ने ग्राम में सीसी रोड का काम जारी करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत फरदफोड़ के वार्ड क्रमांक 7–8 में सीसी रोड़ का कार्य 4 लाख रूपये का पास हुआ था। उसमें जिला पंचायत सदस्य द्वारा पेन से लिख कर 1 लाख राशि का कार्य सतनामी पारा में जोड़ा गया। उसके बाद सतनामी पारा कार्य पूर्ण हो गया है, लेकिन, उनके वार्ड में कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है। पंचायत में मेरे द्वारा वार्ड क्रमांक 08 यह बात रखने पर सचिव, सरपंच ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य ने यह कार्य सीधे ठेकेदार को सौंपा है, हम कुछ नहीं कर सकते।

### कलंगपुर में गुरु घासीदास जयंती व मड़ई-मेला कल

**कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कलंगपुर में सतनामी समाज, ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास समिति व समस्त ग्रामवासी कलंगपुर के तत्वावधान में 27 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। सतनामी समाज के अध्यक्ष देवकुमार मारकंडे ने बताया कि इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा दोपहर में गुरु घासीदास की शोभायात्रा पंथी पार्टी द्वारा निकाली जाएगी। उसके बाद आमंत्रित अतिथियों द्वारा जैतखाम पर ध्वजारोहण कर पूजा अर्चना की जाएगी।

# शिविर में 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का बनाया गया आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शिविर के दौरान ढाई सौ से ज्यादा लोगों के कार्ड में ईकेवायसी अपडेट किया गया

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम बीजाभाठ के पंचायत भवन में 23 और 24 दिसंबर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के निर्देश पर एवं बीएमओ डॉ शरद कोहाड़े के मार्गदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने जिला चिकित्सालय के आपरेटर सुदर्शन साहू द्वारा शिविर में 23 दिसंबर को 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के 15 कार्ड और सामान्य 150 लोगों का कार्ड में ईकेवायसी किया गया। वहीं 24 दिसंबर को 70 प्लस लोगों का 5 कार्ड और सामान्य 118 लोगों का कार्ड में ईकेवायसी किया गया। इस दौरान 70 वर्ष या उससे अधिक की आयु वाले नागरिकों को अकेले के लिए 5 लाख तक निःशुल्क इलाज की सुविधा हेतु आयुष्मान वंदन कार्ड हेतु शिविर आयोजित कर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। साथ ही जिनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उनका ई केवाईसी किया गया, ताकि 5 लाख की सुविधा मिल सके। उक्त शिविर में जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना था, उनका आयुष्मान कार्ड भी शिविर में बनाया गया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### बीजाभाठ पंचायत भवन में किया गया शिविर का आयोजन



#### घर में ही इस तरह कर सकेंगे केवाईसी

70 प्लस आयु वर्ग के लोगों के लिए घर बैठे केवाईसी करने सबसे अच्छा यह कि उन्हें वेबसाइट पर जाना होगा। सर्च करने पर जो पेज खुलता है, उस पर बायी ओर यू ट्यूब के दो लिंक प्रदर्शित होते हैं। एक लिंक 70 प्लस से कम आयु वर्ग के लोगों के आयुष्मान कार्ड से संबंधित है। दूसरे लिंक में वृद्धों के केवाईसी व कार्ड बनाने के बारे में विस्तृत दी गई है। वहीं, अधिकृत सेंटर से बुजुर्गों के लिए केवाईसी कराने व कार्ड बनवाने की सुविधा वर्तमान में जिले के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध है। बता दें कि परिवार के कोटे से अलग 5 लाख तक मुफ्त इलाज के लिए 70 प्लस आयु वर्ग के लोगों को नया कार्ड बनवाना अनिवार्य है।

### केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वर्चुअल माध्यम से किया सहकारी समितियों का शुभारंभ

# जिले की नवगठित 7 मत्स्य सहकारी समितियों को मिला पंजीयन प्रमाण पत्र व केसीसी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी-कर्मचारी कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े

नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारम्भ वर्चुअल माध्यम से केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार 25 दिसंबर को किया। इसके अंतर्गत जिला स्तर का कार्यक्रम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा बेमेतरा से अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल उपस्थित हुए। श्री शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के प्रत्येक पंचायत में कोई न कोई सहकारी समिति कार्यरत होगी। इसके अंतर्गत देश भर में 2 लाख नये सहकारी समिति का गठन किया जायेगा। देश में प्रत्येक सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। ये समिति बहुउद्देशीय रूप से कार्य करेंगे। इन समितियों को सीएससी केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। सहकारी समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया जायेगा। समितियों में माइक्रों एटीएम स्थापित किये जा रहे है। इस बहुउद्देशीय कार्य से किसानों एवं समितियों की आर्थिक उन्नति होगी। पिछड़े वर्ग के विकास में सहकारी समितियों के गठन से उसके सामाजिक स्तर को सुधारने में मदद मिलगी। इसके अंतर्गत बेमेतरा जिले में नवगठित 7 मत्स्य सहकारी समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र एवं केसीसी कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बैंक के नोडल अधिकारी राजेन्द्र कुमार वारे, शाखा प्रबंधक एस. के. जांगड़े, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार तेकाम, सहकारी निरीक्षक रूपिका यादव, सहकारी निरीक्षक पल्लवी मेश्राम, सहकारी निरीक्षक वर्षारानी पटवर्धन, सहकारिता विस्तार अधिकारी विजय सिन्हा, सहकारिता विस्तार अधिकारी संदीप वर्मा, एवं अन्य कर्मचारियों के साथ साथ कार्यक्रम में कृषकों के अतिरिक्त सहकारिता विभाग, सहकारी समिति व बैंक के कर्मचारी अधिकारीगण उपस्थित थे।



#### सहायक आयुक्त सहकारिता ने दी जानकारी

इस अवसर पर सहकारिता विभाग से सहायक आयुक्त सहकारिता ए.के. सिंह ने सहकार से समृद्धि तक के अंतर्गत नवगठित समितियों के गठन एवं उसके उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होनें जानकारी दी कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समिति का गठन किया जाना है। सहकारी समितियों के माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति कराना है। उन्होनें बताया कि जिले में 102 सहकारी समितियों में सीएससी केन्द्र संचालित किये जा रहे है। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिले के तीन सेवा सहकारी समिति मर्या. परपोड़ी, चेचानमेटा एवं भैंसा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सेवा सहकारी समिति मर्या. बेमेतरा के समिति प्रबंधक विनोद राजपूत को संस्था द्वारा जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मछली पालन विभाग, जिला बेमेतरा के सहायक संचालक दिलीप साय सिरदार भी उपस्थित थे। उन्होंने नवगठित मत्स्य समूह के सदस्यों को समिति के बेहतर संचालन के लिये उन्हें मागदर्शन किया।

# 6 माह पहले बना अतिरिक्त कक्ष, अभी से कई जगह आ गई दरारें




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शासकीय प्राथमिक शाला कंतेली में निर्माण के बाद इसी साल जून में किया गया हैंडओवर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल उप-संभाग बेमेतरा के अंतर्गत विकासखण्ड बेमेतरा के शासकीय प्राथमिक शाला कंतेली में अतिरिक्त कक्ष में 6 महीने पहले निर्माण के बाद कई जगहों पर दरार आ गई हैं। इससे भविष्य में हादसे का खतरा मंडराने लगा है। इससे ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

वहीं, ठेकेदार द्वारा स्तरहीन व गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य करने से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल उप संभाग बेमेतरा के नाम को खराब करने को तुले हुए हैं। शासकीय प्राथमिक शाला कंतेली अतिरिक्त कक्ष निर्माण के बाद जून 2024 में स्कूल को हैंडओवर कर दिया गया है। वहीं, अभी 6 महीने भी ठीक से बीते नहीं कि कक्ष में कई जगहों पर दरार आ गई हैं। इससे अंचल वासियों में कई प्रकार के सवाल उठा रहे हैं। इतने कम समय में दीवारों में दरार आ गई है, तो आने वाले कुछ सालों में क्या स्थिति होगी। इस संबंध में शासकीय प्राथमिक शाला कंतेली की प्रधानपाठिका शीतल राजपूत ने बताया कि गृह निर्माण विभाग द्वारा जून से ही सौंप दिया गया है। वहीं, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल उप-संभाग बेमेतरा सहायक अभियंता हेमराव बावन्थड़े ने कहा कि इनकी जांच कर मरम्मत की जाएगी।

# अटल जी का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का है प्रतीक : मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ अटल जयंती पर टेमरी पहुंचे खाद्य मंत्री, स्व. वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल बुधवार को भारत रत्न एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नांदघाट के ग्राम टेमरी पहुंचे। उन्होंने अटल चौक में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्व. वाजपेयी केवल भारत के पूर्व प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि जीते-जागते राष्ट्रपुरुष थे। मंत्री बघेल ने कहा, "अटलजी का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि हर भारतीय के दिल में बसे एक विचार थे। उनका योगदान हमारे देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अतुलनीय है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। इसके लिए प्रदेशवासी सदैव उनके आभारी रहेंगे। उन्होंने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, नागरिकों को सुशासन की शपथ दिलायी। इस अवसर पर एसडीएम नवागढ़ मुकेश गौड़, सरपंच शारदा साहू सहित जनप्रतिनिधि कमल साहू, लाला यदु, राकेश गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# श्री वाजपेयी ने सौम्यता, सहजता व सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कुसमी में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को जिले के चारों विकासखंड में विभिन्न सुशासन कार्यक्रम का आयोजन कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

बेमेतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कुसमी में भी सुशासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, सरपंच नीमा वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित जिला अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दिपेश साहू ने श्री वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि आज का दिन भारतीय राजनीति और जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। जब भी सत्ता और विचारधारा के बीच एक को चुनने की नौबत आई, तो अटल बिहारी वाजपेयी ने विचारधारा ▶▶| शेष पेज 11 पर




#### विधायक ने दिलाई सुशासन की शपथ

विधायक दीपेश ने प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलायी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सुशासन दिवस के अवसर पर सुशासन का अर्थ समझाते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य जनता को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देना है। सुशासन का अर्थ है ऐसा शासन, जिसमें सभी नागरिकों को बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिले, और प्रशासनिक ▶▶| शेष पेज 11 पर

### ग्राम भेड़नी से बेमेतरा तक सड़क किनारे गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

# केबल बिछाने सड़क किनारे खोदा गड्ढा, सालभर में नहीं भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोक निर्माण विभाग संभाग बेमेतरा से दुर्ग मुख्य मार्ग के बीच ग्राम भेड़नी से बेमेतरा तक सड़क किनारे साइड शोल्डर पर बीएसएनएल केबल बिछाने जगह-जगह गड्ढा खोदा गया है। वहीं, केबल डालने का कार्य पूर्ण कर लेने के बाद भी गड्ढे का भराव नहीं किया गया है। इससे पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही साथ कई बार यह गड्ढे अंधेरे में नहीं दिखने से राहगीरों को गड्ढे में गिरने की आशंका भी बनी हुई है। विशेष रूप से बच्चे कई बार ध्यान नहीं देते है। आमजनों ने बताया कि करीब डेढ़ साल से यह गड्ढे कुछ लोगों द्वारा खोद कर चले गए है व इतने समय होने के बाद भी गड्ढे को मिट्टी डालकर भराव नहीं किया गया है। जिससे आमजनों को परेशानी हो रही। सड़क में चलने वाले सभी को दिखाई दे रहे है लेकिन जिला का आला अधिकारी व संबंधित ठेकेदार एवं विभाग को दिखाई नहीं देना अपने आप में प्रश्न बन गया है। गौरतलब है कि ठेकेदार द्वारा एक-डेढ़ साल से गड्ढे को खुले छोड़ दिया गया है। इससे यातायात करने वाले राहगीरों व वाहन चालक एवं आमजन लोगो के लिए जनहानि होने की बड़ी संभावना है। साथ ही 3 से 4 फिट गहरे गड्ढे होने के कारण बड़ी दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। बीएसएनएल दुर्ग एसडीई इंचार्ज एमके पाटकर ने बताया कि यह कार्य बीएसएनएल फोरजी नेटवर्क केबल तार बिछाने के लिए खोदा गया। जो कि यह कार्य पुराने हैं जिन्हें सम्बंधित ठेकेदार को बोल दिया गया है कि उस गड्ढे को भर दिया जाए।



#### साइड देने के समय होती है ज्यादा परेशानी

लिहाजा बेमेतरा से भेड़नी पीडब्ल्यूडी सड़क किनारे बीएसएनएल केबल बिछाने के चक्कर में दर्जनों जगहों पर गड्ढे खोदा गया, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही सामने आ रही है। सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे को भरना भूल गया। वहीं, ठेकेदार की मनमानी का खामयाजा आमजन को चुकाना पड़ सकता है। इस कार्यप्रणाली से आस-पास ग्रामीणों व राहगीरों में आक्रोश व्याप्त है। इस पर संबंधित आला अधिकारी व जिला प्रशासन इससे अनजान व मौन बैठे हुए। लोगों का कहना है कि इन दिनों वैसे भी ठंड में सुबह व शाम को घना कोहरा के कारण सड़क दिखाई नहीं देती, वहीं सड़क पर बड़ी गाड़ियों के आने से एक दूसरे को साइड देने के समय गड्ढे में जाने से दुर्घटना घट सकती है।

### पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी ने बताया कि छत्रपाल साहू ने पुलिस में शिकायत किया था कि मेडेसरा स्थित बोथरा पेटोल पंप में चार युवक पेट्रोल भरवाने रात को पहुंचे थे। इस दौरान पेट्रोल पंप बंद होने की जानकारी देने के बाद भी युवकों ने कर्मियों से जबरन चाकू डंडा और एयरगन दिखाकर 28 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीसीयू की टीम और नंदिनी पुलिस जुटी रही। डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक, क्राइम प्रभारी तापेश्वर नेताम, नंदिनी टीआई मनीष शर्मा के नेतृत्व में टीम बनाई गई।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

**खबर संक्षेप**



## सोनी ने किया डामरीकरण का भूमिपूजन

**रायपुर।** विधायक सुनील कुमार सोनी ने दक्षिण विधानसभा के कटोरातालाब, शैलेन्द्र नगर, पुराना राजेन्द्र नगर चतुर्दिक मार्ग के डामरीकरण का भूमिपूजन किया। श्री सोनी ने कहा, मैं अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में वार्डवासियों के मूलभुत सुविधाओं के लिए क्षतिग्रस्त सड़कों के डामरीकरण के कार्यो का भूमि पूजन करने निकला हूं। उन्होंने कहा, विकास शहर की आवश्यकता है, जनता ने भारतीय जनता पार्टी को एकबार फिर भारी मतों से विजयी बनाकर आत्मसात किया है। हम सब मिलकर रायपुर को और अधिक सुंदर बनाएंगे, हमारा शहर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा, अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें। मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सभी क्षेत्रों में अच्छा कार्य होगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा, नाली, सफाई, स्वच्छता, पानी और लाइट यह मूलभूत कार्य हैं, जो सभी वार्डों में होने चाहिए और इसकी लगातार मानिटरिंग भी होती रहेगी। कार्यक्रम को नगर निगम सभापति प्रमोद दुबेजी ने भी संबोधित किया।

## शहर कांग्रेस ने निकाला आंबेडकर सम्मान मार्च




**रायपुर।** गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में कांग्रेस लगातार चरणबद्ध आंदोलन कर रही है। बाबा साहब के अपमान के लिए देश से माफी मांगने एवं गृह मंत्री पद से इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव गांधी चौक से पैदल चलते हुए आंबेडकर की मूर्ति के पास पहुंचे, जहां उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। वहीं राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, राजेंद्र तिवारी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, पंकज शर्मा, उधोराम वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, सूर्यमणि मिश्रा, श्रीकुमार मेनन, शिव सिंह ठाकुर, सुमित दास, प्रशांत ठेंगड़ी, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, प्रवीण चंद्राकर, दिनेश ठाकुर, मोहम्मद फहीम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वॉलीबॉल स्पर्धा में रायपुर सेंट्रल बनी विजेता

**रायपुर।** केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा तीन दिवसीय आयोजित पावर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन 13 दिसंबर को किया गया। यह स्पर्धा स्टेट स्कूल स्थित वॉलीबॉल मैदान में किया गया। जिसमें रायपुर सेंट्रल क्षेत्र एवं कोरबा पश्चिम क्षेत्र के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें रायपुर सेंट्रल ने कोरबा पश्चिम को 3-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा, पहला सेट रायपुर सेंट्रल 25-16 से एकतरफा अंदाज में जीत गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## प्रतिभागियों को मंडल ने भेंट किए ट्रैक सूट, किट

**रायपुर।** आंध्रप्रदेश के कर्नूल जिले में तीन दिवसीय 27 से 29 दिसंबर तक आठवीं रिंग फाइट नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस नेशनल स्पर्धा में 22 राज्यों की टीम हिस्सा लेगी। छत्तीसगढ़ की टीम पहली बार इस स्पर्धा में भाग लेने जा रही है। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन ने स्पर्धा में भाग लेने के लिए 11 खिलाड़ियों का चयन किया हैं।

# नए टैरिफ के लिए जनसुनवाई पर फंसा पेंच, नियामक आयोग में दो सदस्यों का पद ही खाली

## एक सदस्य का सवा साल और एक का छह माह पहले समाप्त हो गया है कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ तय करने से पहले होने वाली जनसुनवाई पर इस बार बड़ा पेंच फंस गया है। दरअसल इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों का पद खाली है। बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल बीते साल सितंबर में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल इस साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है। अब तक किसी और सदस्य की नियुक्ति नहीं की गई है। बिना सदस्यों के आयोग में अब किसी भी याचिका भी फैसला नहीं हो सकता है।

### बिजली की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें 45 सौ करोड़ की कमी बताते हुए इसकी भरपाई की मांग रखी है। वैसे तो पॉवर कंपनी को नए सत्र में लगभग 15 सौ करोड़ का फायदा होने का अनुमान है, लेकिन पुराने 2023-24 के सत्र का 6130 करोड़ रुपए का अंतर है। इसमें 15 सौ करोड़ घटाने के बाद भी 45 सौ करोड़ की कमी आ रही है। इसको पूरा करने के लिए टैरिफ में इजाफा होगा। लेकिन यह इजाफा कितना होगा, इसको नियामक आयोग तय करेगा। पॉवर कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा। टैरिफ तय करने से पहले आमतौर पर फरवरी में जनसुनवाई होती है, लेकिन इस बार सदस्य न होने के कारण अब तक जनसुनवाई तय नहीं सकी है।

## अपील समिति के संयोजक सच्चिदानंद उपासने बोले 27 को अपील समिति करेगी फैसला

# मंडल अध्यक्षों के चुनाव में विवाद, राजधानी के माना मंडल को लेकर भी जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



भाजपा का मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। इसमें कुछ स्थानों में मंडल अध्यक्षों के नामों को लेकर जमकर विवाद हो रहा है। पहले गरियाबंद, पेंड्रा, झाखरपारा के बाद अब राजधानी रायपुर के माना मंडल के चुनाव में विवाद हुआ है। माना मंडल अध्यक्ष के नाम का मंगलवार को ऐलान होते ही विवाद खड़ा हो गया। जिन भीमवंत निषाद को अध्यक्ष बनाया गया है, उनको कांग्रेस से आया हुआ बताकर विरोध किया गया और इसको लेकर जहां भारी संख्या में माना के कार्यकर्ता कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विरोध करने पहुंचे, वहीं अपील समिति के संयोजक सच्चिदानंद उपासने से शिकायत की गई है। अपील समिति के संयोजक का कहना है शिकायत मिली है, इस मामले में पूरी जानकारी लेकर 27 दिसंबर को फैसला किया जाएगा। मंडलों के विवाद को लेकर मंगलवार को सुबह की भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने बयान दिया था कि प्रदेश में 476 मंडल है, थोड़ी बहुत समस्या तो आती है।

माना मंडल अध्यक्ष के चुनाव में नियमों का पालन न करने की बात वहां के कार्यकर्ता कर रहे हैं। इनका कहना है कि चुनाव के लिए पार्टी ने जो नियम बनाए गए हैं, उनका पालन नहीं किया गया है। जिनको अध्यक्ष बनाया गया है, एक तो वे पहले किसी पद में नहीं रहे हैं, जबकि मंडल अध्यक्ष बनने के लिए पहले किसी पद में काम करना जरूरी है। इसी के साथ पैनल में जिनका नाम था, उनमें उनका नाम शामिल नहीं था जिनको अध्यक्ष बनाया गया है। पैनल में पहले नंबर पर रंजीत सिंह गौतम और दूसरे नंबर पर नरेश पिल्ले का नाम था। पैनल में पांच नाम थे। लेकिन पैनल से बाहर जाकर किसी और को अध्यक्ष बना दिया गया है। नए अध्यक्ष के नाम के ऐलान के बाद माना के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया और ठाकरे परिसर पहुंच कर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से शिकायत करते हुए भी वहां पर भी जमकर हंगामा किया। श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता माने नहीं और मंडल अध्यक्ष को बदलने की मांग करते रहे।

### गरियाबंद का विवाद आया पहले सामने

प्रदेश में भाजपा के 476 मंडल हैं, इनमें अध्यक्ष बनाने के लिए चुनाव हो रहा है। अब तक चार सौ से ज्यादा मंडलों में चुनाव हो गया है। इस बीच एक दिन पहले गरियाबंद में एक मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विवाद सामने आया। झाखरपारा में पहले उमाशंकर को मंडल अध्यक्ष बनाया, लेकिन बाद में भगवानो बेहेरा का नाम घोषित कर दिया गया। जिससे उनके समर्थकों और समाज के लोगों ने नाराजगी जताई है। फिंगेश्वर में भाजपा के वरिष्ठ नेता भगवत हरित की बहू मंजुलता हरित को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। उनके नाम का ऐलान होते ही बैठक में जमकर हंगामा हो गया। पेंड्रा में भी मंडल अध्यक्ष के चुनाव में विवाद सामने आया है। मंडल अध्यक्ष के लिए राष्ट्रीय संगठन ने 45 साल की आयु सीमा तय की है, कुछ स्थानों से यह भी शिकायत है कि वहां पर इससे ज्यादा उम्र के लोगों को अध्यक्ष बना दिया गया है।

# सुशांत शुक्ला बोले- भूपेश सरकार में राजीव युवा मितान क्लब की आड़ में सरकारी धन की हुई लूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



भाजपा के विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा, भ्रष्टाचार का वायरस कांग्रेस की रग-रग में किस कदर फैला हुआ है, यह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बनाए राजीव युवा मितान क्लब की आड़ में सरकारी धन की हुई लूट के खुलासे के बाद और ज्यादा स्पष्ट हो गया है। श्री शुक्ला ने कहा, शराब, रेत, कोयला, जमीन, गौठान के साथ-साथ गोबर के नाम पर भी घोटाले का कलंकित अध्याय रचने वाली कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार ने सरकारी खजाने में डाका डालकर छत्तीसगढ़ को 10, जनपथ का एटीएम बनाने के तमाम जतन किस तरह किए थे। राजीव युवा मितान क्लब इसकी जीती-जागती शर्मनाक मिसाल थी, जिसे प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बंद करने पर श्री बघेल ने हाल ही आंसू बहाए हैं और कांग्रेस के तमाम लोग बजाय इस घोटाले के ताजा खुलासे पर शर्म महसूस करने के अब भी राजीव मितान क्लब बंद करने को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रलाप करने में लगे हैं।

### अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष तक को ही जानकारी नहीं

*श्री शुक्ला ने कहा, राजीव युवा मितान क्लब की आड़ में भूपेश सरकार और कांग्रेस के लोगों ने प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई से अपनी तिजोरियां भरीं। रायपुर नगर निगम के जोन 9 में योजना के नाम पर साल में चार किश्तों में एक लाख रुपए जमा किए गए। इसका क्या हुआ, इसके संबंध में क्लब के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष तक को ही जानकारी नहीं थी। मजे की बात तो यह थी कि अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष तो इस क्लब का सदस्य बनना ही नहीं चाहते थे, फिर भी नगर निगम के किसी कर्मचारी ने आधार कार्ड और फोटो लेकर इन्हें पदाधिकारी बना दिया था। श्री शुक्ला ने इस खुलासे से जुड़ी खबर का हवाला देते हुए बताया, कार्यालय से जब उसकी ऑडिट रिपोर्ट निकाली गई तो उसमें पूरी-की-पूरी राशि खर्च होना बताई जा रही है। उक्त रिपोर्ट में क्लब के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के दस्तखत भी हैं, जबकि ये दोनों पदाधिकारी यह राशि आहरण करने से साफ इन्कार कर रहे हैं।*

# स्वास्थ्य जनहित से जुड़ा मुद्दा, सुधार की गुंजाइश हमेशा : जायसवाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अफसरों से कहा कि स्वास्थ्य जनहित से जुड़ा मुद्दा है और इसमें सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। उन्होंने आने वाले समय में रणनीति बनाकर काम करने की नसीहत दी। स्वास्थ्य मंत्री ने नव पदस्थ स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया की उपस्थिति में विभागीय प्रमुखों एवं सभी अधिकारियों को बेहतर कार्य करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बैठक में बीते एक वर्ष के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गयी। आने वाले समय के लिए भी अधिकारियों को रणनीति बनाकर जनहित में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चर्चा की गयी। समीक्षा बैठक में चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीजीएमएससी एवं खाद्य एवं औषधि विभाग से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला, एमडी एनएचएम विजय दयाराम के. एवं संचालक सीजीएमएससी पद्मिनी भोई समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नवा रायपुर में मेडिसिटी का प्रस्ताव

*नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिसिटी की स्थापना करने का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने अपना प्रयास शुरू कर दिया है। यह आधुनिकतम मेडिसिटी लगभग 200 एकड़ में विकसित की जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर 37 में भूमि का चिन्हांकन किया गया है। इस प्रोजेक्ट में निजी निवेश की सहायता से लगभग 5,000 बिस्तर क्षमता की स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है। मेडिसिटी में कई अग्रणी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, मेडिकल कालेज, छात्रावास, डायग्नोस्टिक्स सेंटर, धर्मशाला, होटल तथा वाणिज्यिक एकीकृत विकास करना प्रस्तावित है।*

# दिल्ली की बैठक में फैसला, 27 को जिलाध्यक्षों के लिए पैनल बनाकर भेजा जाएगा राष्ट्रीय संगठन को

## संगठन चुनाव की बैठक में मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश के चुनाव के पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख के साथ दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। इसमें तय किया गया प्रदेश के जिलाध्यक्षों के लिए पर्यवेक्षक 27 दिसंबर तक रायशुमारी करके तीन-तीन नामों का पैनल बनाया जाएगा। यह पैनल राष्ट्रीय संगठन को भेजा जाएगा। दिल्ली में 29 दिसंबर को होने वाली बैठक में नाम तय होने के बाद नामों का ऐलान किया जाएगा।

- दिल्ली में 29 दिसंबर की बैठक में तय हो जाएंगे जिलाध्यक्ष

भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है। छत्तीसगढ़ में बूथ कमेटियों के गठन के बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। प्रदेश के चार सौ से ज्यादा मंडलों में चुनाव हो गए हैं। करीब 440 मंडलों में चुनाव होंगे और बचे हुए मंडलों के चुनाव बाद में होंगे। इसी बीच जिलाध्यक्षों को लेकर भी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।



### बिलासपुर में अब ग्रामीण अलग जिला

दिल्ली की बैठक में प्रदेश में 35 के स्थान पर 36 जिला संगठनों में जिलाध्यक्ष का चुनाव कराने का फैसला किया गया है। प्रदेश में 33 सरकारी जिले हैं, लेकिन भाजपा के 35 संगठन जिले हैं। दुर्ग में भिलाई को अलग जिला बनाया गया है। इसी तरह से रायपुर में रायपुर शहर और रायपुर ग्रामीण जिला हैं। अब बिलासपुर में भी बिलासपुर शहर और बिलासपुर ग्रामीण जिला कर दिया गया है।

### तीन-तीन नामों का बनेगा पैनल

*दिल्ली की बैठक में तय किया गया है कि हर हाल में 27 दिसंबर तक पर्यवेक्षक रायशुमारी करके तीन-तीन हर जिले के लिए तीन-तीन नामों का पैनल तय करेंगे। पैनल को दिल्ली भेजा जाएगा। दिल्ली में 29 दिसंबर को एक बार फिर से बैठक रखी गई है। इस बैठक में राज्यों के अध्यक्षों को लेकर भी मार्गदर्शन मिलेगा। इसी बैठक में छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्षों के पैनल पर फैसला होगा और उसी दिन या फिर अगले दिन नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। मंगलवार की बैठक में प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख से अब तक संगठन चुनाव को लेकर पूरी रिपोर्ट दी। बैठक में संगठन चुनाव कमेटी के सदस्य मधुसूदन यादव, चंपादेवी पावले और कृष्णमूर्ति बांधी भी उपस्थित थे।*

## अब तक 15 जिलों में मिलिंग का काम हुआ शुरू

# धान की कस्टम मिलिंग, एफसीआई का खाता नहीं खुला नान में अब तक जमा हुआ पौने चार हजार मीट्रिक टन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले मिलरों और सरकार के बीच बना गतिरोध करीब एक महीने तक जारी रहा। इस बीच राज्य में धान खरीदी शुरु होने के बाद महीनेभर तक धान की कस्टम मिलिंग शुरू नहीं हो पाई थी। अब मिलरों के काम पर लौट आने के बाद मिलिंग का काम शुरू हो गया है, लेकिन किसी भी जिले में सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई कोटे का चावल अब तक जमा नहीं हुआ है, लेकिन दूसरी ओर राज्य कोटे के लिए नागरिक आपूर्ति निगम (नान) में चावल जमा किया जा रहा है। अब तक करीब पौने चार हजार मीट्रिक टन चावल मिलरों ने जमा करा दिया है।



### सोसाइटियों को है उठाव का इंतजार

राज्य में मिलरों और सरकार के बीच गतिरोध के कारण प्रदेश भर में धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव कम मात्रा में हो पाया है। अब तक करीब 15 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। प्रदेश में अब तक खरीदी केंद्रों में 52 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जमा है। कुल खरीदी का 22 प्रतिशत धान का उठाव हो पाया है। 1480 खरीदी केंद्रों में धान का बफर स्टॉक के उपर दो-तीन गुना है। सरकार की कोशिश है कि मिलरों से सीधे मिलिंग के लिए धान उठवाया जाए। इसके साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में भी धान परिवहन किया जा रहा है।

### 15 जिलों में नान के लिए चावल जमा होना शुरू

*छत्तीसगढ़ में अब तक 15 जिलों के मिलरों ने नान कोटे में चावल जमा कराया है। इनमें बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, बालोद, दुर्ग,राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद,रायपुर, बलरामपुर, जशपुर,सरगुजा, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, भरतपुर जिसे शामिल है। इन जिलों में अब तक लगभग पौने चार हजार मीट्रिक टन चावल जमा कराया गया है, लेकिन राज्य के किसी भी जिले के मिलरों ने अब तक एफसीआई कोटे में चावल जमा नहीं कराया है। सूत्रों के अनुसार मिलरों को एफसीआई में चावल जमा कराने में दिक्कतें हैं। राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए अब तक पौने तीन हजार मिलरों ने आवेदन दिए हैं। इनमें से अरवा मिलिंग के लिए 2133 उसना के लिए 447, तथा कुल मिलाकर 2582 मिलों का पंजीयन किया गया है। पंजीयन की प्रक्रिया अभी जारी है।*

# मेयर ने कहा, 5 साल हमारी सरकार, 1 साल पहले तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- 18 लोगों से मिलकर चालू कराया काम, सर्वे कंपलीट

महापौर एजाज ढेबर ने कहा है, 5 साल हमारी सरकार रही, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का भूमिपूजन कर 167 करोड़ की स्वीकृति दी। इसमें टोकन के रूप में 4.50 करोड़ जारी किये। तत्कालीन सुनील सोनी के समय से चल रहे काम का सर्वे कंपलीट है, राशि जारी होनी है, इसका पूरा श्रेय कांग्रेस सरकार को है। 200 करोड़ चाहिए था। 1 साल पहले भूमिपूजन को लेकर श्री ढेबर का कहना है कि चुनाव में फायदा की सोच शायद सरकार को को होगी। शहरी सरकार के कार्यकाल का 5 साल 5 जनवरी को पूरा होने जा रहा है। 6 जनवरी से शहरी सरकार की कुर्सी प्रशासन संभालेगा। महापौर एजाज ढेबर से हरिभूमि ने उनके कार्यकाल और शहर विकास से जुड़े मुद्दे को लेकर बातचीत की। इसमें उन्होंने खुलकर अपने विचार रखे। बातचीत का सार प्रस्तुत है:

0 5 साल तक नगर निगम में आपके पार्टी की सरकार रही, प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर विधायक और महापौर भी, फिर तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण नहीं हो पाया क्यों?

0 तत्कालीन महापौर सुनील सोनी के समय से चल रहा तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कराने भूमिपूजन हमारी सरकार आने पर हुआ। सीएम से लेकर राज्यपाल और कलेक्टर तक हम गये। 18 लोगों से मिलकर काम चालू कराया। व्यापारियों के साथ बैठक की। सर्वे का काम कंपलीट है, राशि जारी होना है। 1 साल पहले सड़क चौड़ीकरण काम शुरू करने का सवाल है, तो सरकार को लगा होगा कि चुनाव में इसका फायदा मिल सकता है।

## खबर संक्षेप

### तेलीबांधा तालाब में तुलसी पूजन दिवस पर जुटे साधक

**रायपुर।** राजधानी में तुलसी पूजन दिवस का आयोजन तेलीबांधा तालाब के समीप किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में साधक शामिल हुए। युवा सेवा संघ और महिला उत्थान मंडल के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति में तुलसी की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने कार्यक्रम आयोजन किया गया। तुलसी पूजन दिवस के मौके पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अतिथि के रूप में संत शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल, रायपुर ग्रामीण क्षेत्र विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, कथा वापसी संघ के अवधेश जैन, समरसता प्रमुख चैतराम अग्रवाल, संघ के वरिष्ठ जन भगवती प्रसाद शर्मा सहित गणमान्य जन शामिल हुए। तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर संस्था के एमके गुप्ता ने बताया कि 25 दिसंबर को तुलसी पूजन की शुरुआत 2014 में हुई।

### सभी रिटेंशनधारियों को मिले आवास

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने एक नए संगठन सेवा निवृत्त कार्मिक संगठन का गठन किया है। इस संगठन के बैनर तले सदस्यों ने मंगलवार को सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। विशेष रूप से संगठन की मांग है कि सभी रिटेंशन धारियों को आवास लाइसेंस में दिलाने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा करने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल ने सांसद को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हम सभी रिटेंशनधारी सदस्य भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्मिक है। हम सभी ने नियत आरक्षित राशि 10 लाख रुपए तक रिटेंशन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के निर्देशानुसार डिमांड ड्राफ्ट द्वारा बिना ब्याज के जमा किया है।

### महीनों से पुलिस को नहीं मिली आत्महत्या प्रकरण में रिपोर्ट

**भिलाई।** ग्राम ढौर के किसान ने आत्महत्या करने के पहले सुसाइडल नोट लिखा था। सुसाइडल नोट को जामुल पुलिस रायपुर एफएसएल के लैब में हेंडराइटिंग एक्सपर्ट की राय के लिए भेजा है। लेकिन 6 महीने बाद भी रिपोर्ट नहीं आने की वजह से आत्महत्या का प्रकरण उलझा हुआ है। भू-माफियों के नाम पत्र में होने की वजह से कई तरह का संशय पीड़ित परिवार को है। परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

## निधन

### मनोज श्रीवास्तव

**बालोद।** ग्राम मेढ़की निवासी छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉपरेशन के दैनिक वेतन कर्मचारी



मनोज श्रीवास्तव (51) वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को सुबह 11 बजे ग्राम मेढ़की के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भूखन लाल श्रीवास्तव के बड़े सुपुत्र व साईं श्रीवास्तव के पिता थे।

**सुशासन दिवस :** छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूर्ण होने पर गुरूर में मनाया गया ब्लॉक स्तरीय सुशासन दिवस

# एक साल में ही राज्य की भाजपा सरकार ने अपने सभी संकल्पों को पूरा कर लिया है : नंद किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूर्ण होने पर ब्लॉक स्तरीय सुशासन दिवस मनाया गया। सेवा समिति गुरुर धान खरीदी केंद्र में आयोजित समारोह में वक्ताओं ने भाजपा सरकार की 1 साल की उपलब्धियों एवं कार्यों की जानकारी किसानों व ग्रामीणों को दी। इस दौरान उन्नत कृषकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि एक साल में ही भाजपा सरकार ने अपने सभी संकल्पों को पूरा कर लिया है। पिछली सरकार ने राइस मिलरों का कस्टम मिलिंग का भुगतान नहीं किया, इसलिए मिलर हड़ताल पर चले गए। पिछली सरकार ने मिलिंग दर 40 रुपए से तीन गुना बढ़ाकर 120 रुपए कर दिया, जिसकी जांच चल रही है। किसी भी शुल्क को एक साथ तीन गुना बढ़ाना बड़े भ्रष्टाचार की आशंकाओं को जन्म देता है। भाजपा सरकार ने जब भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का कार्य किया, तो मिलर हड़ताल पर चले गए, जिससे धान खरीदी प्रभावित हुई। जनार्दन सिन्हा ने कहा कि विष्णु सरकार के सुशासन में पिछले एक साल में किसान खुशहाल एवं समृद्ध हुआ है। यही कारण है कि किसान वापस खेती की ओर मुड़ा है। अब किसान अपना खेत अधिया या रेगहा पर नहीं दे रहा है। अब आवश्यकता है कि युवा भी पढ़कर किसानी से जुड़ी आधुनिक खेती करें। उन्होंने आग्रह किया कि किसान फसल बीमा जरूर कराएं। जिला पंचायत सदस्य ललिता साहू ने कहा कि विष्णु देव की एक साल की सरकार किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। किसान एक साल में समृद्ध हुआ है। विष्णु सरकार में किसानों को ऊंचा उठाने का कार्य हुआ है। यादराम साहू ने कहा कि पहले किसान 16 प्रतिशत में कर्ज़ लेता था, किसान साहूकारों के कर्ज के जाल में फंसा रहता था। भाजपा सरकार ने ब्याज मुक्त ऋण देकर किसानों को कर्ज से उबारा है। कार्यक्रम को संध्या साहू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों में गुरुर समिति के हितेश्वर, श्याम, कनेरी समिति के मेहतर नेताम, दर्रा समिति के गोविंद साहू, कंवर समिति के छगन साहू, जनपद सदस्य संध्या साहू, पीमन साहू, ताम्रध्वज यादव, आत्माराम साहू, अजेंद्र साहू, रिखी यादव ने भी सभा को संबोधित किया।

### किसानों का किया गया सम्मान

मंच संचालन टिकेंद्र साहू ने किया। इस दौरान भूपेश कुमार, भेदराम, ओमप्रकाश साहू, मोतीराम साहू, केलर गजपाल, सुरेंद्र कुमार साहू, ध्रुव राम साहू, कोमल साहू, ध्यानचंद साहू, पुष्णदन, मदन साहू, रामाधीन मरकाम, रामचरण सिन्हा, बैनीराम साहू, उमाशंकर साहू, नोबल साहू का उन्नत कृषि व कृषि के क्षेत्र में नवाचार व धान के बदले फसल परिवर्तन करने के लिए सम्मान किया गया।

### भाजपा जिला कार्यालय जुंगेरा में मनाया गया सुशासन दिवस



**बालोद।** छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय जुंगेरा में सुशासन दिवस पर आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष पवन साहू एवं जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने मां भारती व अटल जी के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। वक्ताओं ने श्री वाजपेयी द्वारा किए गए कार्यों को याद कर भारत के लिए दिए गए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी नेता यशवंत जैन, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लीला शर्मा, लक्ष्मी चंद लुनिवाल, कमलेश सोनी, दीपक देवांगन, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, जिला मंत्री अंबिका यादव, मंडल प्रतिनिधि प्रेम साहू, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, जूंगेरा मंडल अध्यक्ष अरुण साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा मिर्रीटोला मंडल में दी गई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि





**गुरूर।** भाजपा मिर्रीटोला मंडल ने अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर श्री वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष बालोद त्रिलोकी साहू, आदित्य पिपरे, मेहत्तर नेताम, डोमेशवरी साहू, सुरेंद्र तिवारी, संजय साहू, प्रहलाद साहू, मिथलेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी बासीन-कुरदी मार्ग पर की पदयात्रा

■ कुरदी में आयोजित सुशासन दिवस में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के कार्यों को किया याद



**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल अर्जुंदा कुरदी में सुशासन दिवस मनाया गया। भाजपा मंडल के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई बासीन से कुरदी मार्ग पर पदयात्रा कर कुरदी में आयोजित कार्यक्रम स्थल पहुंचे। वहां श्री वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद बच्चों ने श्री वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा रचित कविताओं का पाठ किया। उसके बाद पूर्व मंडल अध्यक्ष टोमन साहू ने अटल बिहारी वाजपेई की कांकेर यात्रा के संस्मरण सुनाए। जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के लिए श्री वाजपेई के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। वहीं, नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतु गुप्ता ने उनकी सोच और उनकी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को छत्तीसगढ़ के साथ पूरे भारत के विकास के लिए संजीवनी बताया।

कार्यक्रम का संचालन केशू साहू और आभार प्रदर्शन संयोजक सरपंच कुरदी संजय साहू व सरपंच बासींग संतोष तारम ने किया।

## शहीदी सप्ताह के अवसर पर गुरूद्वारा में लगा कीर्तन दरबार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पंजाब से आए सिंह साहिबान ज्ञानी मान सिंह हुए शामिल

सरवंश दानी गुरु गोबिंद सिंह के परिवार के बलिदान दिवस पर सिख समाज ने शहीदी सप्ताह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारा बेमेतरा में पंजाब से आए सिंह साहिबान ज्ञानी मान सिंह ने सफर ए शहादत के संपूर्ण दृष्टांतों एवं इतिहास को कथा के माध्यम से साध संगत को बतलाया। ज्ञात हो कि संपूर्ण सिख पंथ 21 से 28 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह को बड़ी श्रद्धा और भावना के साथ मनाते हैं। इसी क्रम में गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा बेमेतरा में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया था जिसमें रायपुर गोविंदनगर से भाई प्रदीप सिंह के कीर्तनी जत्थे ने भी अपने कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। उपरांत गुरु घर के ग्रंथी भाई परमजीत सिंह ने अरदास कर हुकूमनामा लिया। लंगर की सेवा सरदार कश्मीर सिंघ के परिवार द्वारा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह चावला, बलवंत सिंह गुंबर, गुरुचरण सिंह खनूजा, मंजीत सिंह सलूजा, जसवीर सिंह गुंबर,नरेंद्र सिंह चावला, सुजान सिंह दत्ता अनिल छाबड़ा, पुष्पराज गुंबर प्रितपाल सिंह छाबड़ा जोगेंद्र छाबड़ा, एवं सिक्ख समाज बेमेतरा के महिलाएं एवं बच्चों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन सरदार जगजीत सिंह ने किया।



### श्री सदगुरू कबीर सत्संग में शामिल हुईं गुरु माता मनीषा देवी

**देवकर।** सहसपुर (केवल धाम) में तीन दिवसीय श्री सदगुरू कबीर सत्संग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कबीर पंथ की गुरु बड़ी माता साहिबा मनीषा देवी का पदार्पण हुआ। इसमें गांव के कबीर पंथ अनुयायियों ने चरण बंदगी कर आशीर्वाद लिया।

### चिंचबोड़ में लाखों के निर्माण कार्यों का किया गया लोकार्पण व भूमिपूजन

**गुण्डरदेही।** ग्राम चिंचबोड़ में जनपद सदस्य तेजराम साहू की अनुशंसा पर बुधवार को स्वीकृत हुए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने की। विशेष अतिथि टोमन साहू, तेजराम साहू, जनपद सदस्य नोहर साहू शामिल हुए। समारोह में शासकीय उचित मूल्य दुकान सह गोदाम 13 लाख का लोकार्पण, बांध में शेड व तालाब में शेड निर्माण का लोकार्पण, अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही रंगमंच जीर्णोद्धार का भूमिपूजन, महिला घाट बांध में पचरी निर्माण व तालाब में शेड निर्माण का भूमिपूजन, गड़िया देव में चबूतरा निर्माण कार्य भूमिपूजन व सतनामी समाज के जैतखाम के पास सीसी रोड का भूमिपूजन किया।

## थान खम्हरिया में एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन चुंबकीय शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

■ श्री लक्ष्मी राधा देवी सिंघानिया चैरिटेबल फाउंडेशन ने किया आयोजन

श्री लक्ष्मी राधा देवी सिंघानिया चैरिटेबल फाउंडेशन ने नगर में एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम से नगरवासियों के स्वास्थ्य लाभ देने जोधपुर, राजस्थान से आए प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर वी. आर. चौधरी, थेरेपिस्ट डी. आर. जाखड़ और सुरेश चौधरी की विशेषज्ञ टीम की देखरेख में शुभारंभ हुआ।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश एवं समाजसेवी गणेश लाल अग्रवाल, संतोष लाल सिंघानिया, नगर पंचायत अध्यक्ष तितली गौरव बिंदल, पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुरेश सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया ने किया

श्री जोशी ने एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा पद्धति न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि तनाव और मानसिक थकान को भी दूर करती है। इस अवसर आशीष बंसल, उज्ज्वल सिंघानिया, रमेश चोपड़ा, महेश सिंघानिया, दीपक बंसल, पुरुषोत्तम सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, शिवेन्द्र बिंदल, रूद्रेश अग्रवाल, निधि देवांगन, सोमराज सिन्हा, नारायण सिंघानिया, प्रतीक बिंदल जैसे प्रमुख लोग शामिल रहे।

कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंघानिया ने करते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों को प्राकृतिक और प्रभावी चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी देना और उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है।यह शिविर स्थानीय नागरिकों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है, जहां लोग आधुनिक जीवनशैली के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## पेज 9 के शेष

### शिविर में 70 ...

**आयुष्मान कार्ड बनाने दी गई जानकारी :** सरकारी व पंजीकृत निजी अस्पतालों में 5 लाख तक मुफ्त इलाज के लिए 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को केवाईसी कराकर नया आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा। कार्ड नहीं बनवाने पर सरकारी या निजी अस्पताल राशन कार्ड के प्रकार के अनुसार पुरानी लिमिट में ही इलाज की सुविधा देंगे। बीपीएल कार्ड होने पर उनके सहित पूरे परिवार को हर साल 5 लाख और एपीएल होने पर 50 हजार तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

केवाईसी कराने पर बुजुर्गों का सेपरेट आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जायेगा। इस कार्ड से वे किसी भी सरकारी व पंजीकृत निजी अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक स्वयं का इलाज करा सकेंगे। राशन कार्डो में दर्ज ब्यौरा के अनुसार जिला बेमेतरा में 70 प्लस आयु वर्ग वाले कुल 39658 लोग है। इनमें अधिकतर के नाम उनके परिवार के पास मौजूद एपीएल राशन कार्डों में दर्ज हैं। अब तक उन्हें उनके परिवार को जारी राशन कार्ड के प्रकार अनुसार इलाज की सुविधा मिलती रही है। नई स्कीम चूँकि आधार नम्बर बेस स्कीम है, इसलिए केवाईसी में राशन कार्ड की कोई जरुरत नहीं पडेग़ी। 70 प्लस आयु वर्ग के लोग अपने आधार कार्ड से ऑनलाइन या शासकीय चिकित्सालयों पर पहुंचकर आफलाइन कार्ड बनवा सकेंगे।

### वाजपेयी ने सौम्यता...

को खुले मन से चुना। वह ज्यादातर विपक्ष में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्कों और शब्दों से किया। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। विधायक ने सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा किए गए सुशासन के कार्यों की सराहना की और उन्हें जनता के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता, जनहित के फैसले और विकास योजनाओं में तेजी लाने के लिए कई कदम उठाए हैं। सुशासन दिवस पर विधायक ने विशेष रूप से सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन के कारण आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है, जिससे लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है।

### विधायक ने दिलाई ...

तंत्र ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करे। उन्होंने बताया कि सुशासन का मतलब है कानून और नियमों का पालन करते हुए विकास को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार को खत्म करना, और जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना। उन्होंने सुशासन दिवस पर राज्य सरकार की तीन प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए सुशासन का अर्थ बताया। उन्होंने महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे दूर-दराज के गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों के निर्माण से न केवल गांवों में आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि विकास के अन्य अवसर भी प्राप्त हुए हैं। सुशासन दिवस के अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी नागरिकों के समक्ष अपने विचार रखे। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

Health Town
K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### तवेरा में पूर्व पीएम वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि

**गुण्डरदेही।** ग्राम तवेरा में भाजपा कार्यकर्ता व सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष तेजराम साहू ने 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पीडीएस चावल की अवैध तस्करी की शिकायत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से पीडीएस चावल (सरकारी चावल) की तस्करी के मामले की शिकायत की। मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी कार्यकर्ताओं ने दी है। छत्तीसगढ़ बजरंग दल के विभाग संयोजक रवि निगम ने बताया कि, दो दिन पहले जेवरा सिरसा में उनके कार्यकर्ता राजा साहू और इंद्रजीत महराज ने पीडीएस का चावल बड़े पैमाने पर पकड़ा था। इस बात से नाराज होकर तस्करों ने उनके कार्यकर्ताओं से मारपीट की। मारपीट के घटना के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जेवरा सिरसा चौकी में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया गया कि, चावल मिलने के बाद सैंपल नान को दिया गया था। लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट ही नही दी गई हैं।

### सड़क पर बस धोना ड्राइवर को पड़ा महंगा भरना पड़ा जुर्माना

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर सुंदर स्वच्छ को बरकरार रखने के लिए नगर निगम की टीम लगातार लगी हुई है। शहर में सड़कों पर गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। बस ड्राइवरों ने जीई सड़क मार्ग किनारे पर बस की धुलाई करते निगम ने पकड़ा। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में मंगलवार को स्वच्छता निरीक्षक प्रताप सोनी के नेतृत्व में प्रभारी दरोगा परमेश्वर एवं सुपरवाइजर ने सड़क किनारे बस धोने के साथ-साथ सड़क पर गंदगी करने पर 6 बस ड्राइवर पर जुर्माना लगाया। बस के 6 संचालकों 500-500 कुल 3 हज़ार रुपये जुर्माना लिया गया। शहर के लोगों व बस संचालकों से आयुक्त ने कहा कि सड़क किनारे पर कार, वाहन व बस को ना धोएं। मुख्य मार्गों सड़क किनारे बस व गलियों में कार, गाड़ी, वाहन धोने के कारण गंदगी फैलती है एवं इससे वहां के नागरिकों को असुविधा होती है। ऐसा करते पाये जाने व गंदगी करने पर जुर्माने की कार्रवाही निगम स्वास्थ्य विभाग अमला करेगी।

### गृहमंत्री के खिलाफ बौध्द समाज ने किया प्रदर्शन

**दुर्ग।** हिन्दी भवन के सामने बौध्द सामाज द्वारा गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में किए गए टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बडी संख्या में बौध्द संगठन के लोग प्रदर्शन में जूटे थे। हिन्दी भवन के सामने सभा का आयोजन किए जाने के बाद इनके द्वारा शाम पांच बजे कलेक्टोरेट कूच किया गया। लेकिन पटेल चौक के आगे बेरीकेट्स लगाकर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान जमकर उनके द्वारा नारेबाजी की गई।

**आयोजन**

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विस अध्यक्ष डॉ. रमन

# विद्यार्थियों ने मंच पर भगवान श्री कृष्ण की प्रेरणादायी गाथाओं की दी जीवंत प्रस्तुति








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल ने अपने 14वें वार्षिकोत्सव शाइनिंग स्टार्स-14 का आयोजन अत्यंत भव्यता और उल्लास के साथ किया। इस वर्ष की थीम विकसित भारत के माध्यम से भारतीय संस्कृति, आधुनिकता और नवाचार की अभूतपूर्व प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू एवं अवधेश चंदेल पूर्व विधायक मौजूद रहे। विद्यालय की संचालिका व पंडरिया विधायक भावना बोहरा, रणबीर शर्मा कलेक्टर और प्राचार्य पंकज जोशी ने भी मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि बच्चों को संस्कार और नवाचार के माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार कर रहा है।"उन्होंने विद्यालय की स्थापना और संचालिका भावना बोहरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रीमती बोहरा का यह प्रयास समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके अथक प्रयास और दूरदृष्टि ने न केवल बेमेतरा बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में एक नये आयाम हासिल किये है। यह विद्यालय प्रबंधन की मेहनत और उत्कृष्ट दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि यह संस्थान पूरे भारत के लिए एक प्रेरणा बन गया है।




**उत्कृष्ट छात्रों को किया गया सम्मानित**

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने स्व. आरपी बोहरा मेमोरियल पुरस्कार के तहत उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने अपने करकमलों से 20,000 रूपए की राशि विद्यालयीन छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की। कक्षा बारहवीं से पलक गोस्वामी, कक्षा ग्यारहवीं से अभिनव जैन, कक्षा दसवीं से सूजल दीपक, और कक्षा नौवीं से काव्या शर्मा को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की गुणवत्ता एवं शिक्षा व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए वार्षिकोत्सव के सभी प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएँ दी एवं खूब सराहना की। स्कूल संचालिका भावना बोहरा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, /"हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। यह विद्यालय छात्रों को न केवल आज के लिए, बल्कि भविष्य के लिए भी तैयार कर रहा है। हर बच्चा अपनी अद्वितीय प्रतिभा से समाज और देश का गौरव बढ़ा सकता है। उन्होंने मुख्य अतिथि डॉ.रमन सिंह जी के प्रति आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने कहा कि डॉ. साहब हमेशा से इस विद्यालय एवं हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे है एवं उनकी प्रेरणा से ही विद्यालय प्रगतिरत है। प्राचार्य पंकज जोशी ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा, कला और जीवन कौशल के प्रत्येक क्षेत्र में विद्यालय के समर्पण, संकल्प एवं प्रतिबद्धता की बात कही।

### गणेश वंदना के साथ हुआ शुभारंभ

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया, जिसे देख कर मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह बहुत प्रभावित हुए। जहां छात्रों ने अपनी ऊर्जा, लय, और भक्ति के अद्भुत समन्वय से दर्शकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद प्रस्तुत जंगल बुक में नन्हें कलाकारों ने अपनी मासूमियत और जादुई दुनिया को जीवंत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पंचतत्व और दशावतार जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने प्रकृति के महत्व और भारतीय पौराणिक कथाओं की महत्ता को दर्शकों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया। श्रीकृष्ण लीला में भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरणादायक गाथाओं को मंच पर जीवंत किया। बच्चों ने गोवर्धन पर्वत उठाने, रासलीला, कालिया नाग मर्दन, गीता सार, और श्रीकृष्ण की रथ यात्रा को इतनी कुशलता से प्रस्तुत किया कि दर्शक अभिभूत हो गए। छात्रों के अभिनय, संवाद, और भाव-प्रकाश ने दर्शकों को भारतीय पौराणिकता और आदर्शों से जोड़ने का कार्य किया।

# पीएमजीएसवाय के लिए हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) की स्थापना 25 दिसंबर 2000 को की गई थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

यह योजना विशेष रूप से उन ग्रामीण इलाकों के लिए बनाई गई है, जहां सड़क सुविधाओं का अभाव है। इसी क्रम में जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 23 से 25 दिसंबर के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इस योजना के बारे में जागरूक करना, इसके लाभों और कार्यान्वयन की जानकारी देना है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के महत्व को समझाना और लोगों को योजना के लाभों के बारे में जागरूक करना है। जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत बनी सड़कों की गुणवत्ता, रखरखाव और जनता की भागीदारी पर भी ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस योजना ने देशभर के लाखों गांवों को मुख्यधारा से जोड़कर सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।




हाल में ही 21 दिसम्बर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कर कमलों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिला बेमेतरा में चार नवीनीकरण कार्यों का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। इस परियोजना से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

# बाबा गुरु घासीदास ने दिया प्रेम व मानवता का उपहार : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ सतनाम भवन में आयोजित जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए एडीएम

जिला मुख्यालय स्थित सतनाम भवन में बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह धूमधाम मनाया गया। कार्यक्रम में एडीएम प्रकाश भारद्वाज, बेरला एसडीएम पिंकी मनहर, पूर्व बीईओ डीएल डहरिया, समाज के जिला अध्यक्ष आगर दास, सतनामी कल्याण समिति के संरक्षक टीआर जनार्दन, वायके डिंडोरे, राष्ट्रपति पुरस्कृत रिटायर्ड शिक्षक गोकुल बंजारे अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथियों एवं सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने जैतखाम की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही समाज के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रतीक एवं प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया।




समारोह को संबोधित करते हुए एडीएम प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा की शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने प्रेम और मानवता का संदेश जहां दिया वहीं समाज को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। हम सब को गर्व होना चाहिए कि उन्होंने ना सिर्फ सत्य की आराधना की बल्कि समाज में नई जागृति भी पैदा की, तपस्या से प्राप्त ज्ञान और भक्ति का उपयोग कर मानवता की सेवा के रूप में कार्य किया उनके इसी प्रभाव के कारण लाखों लोग अनुयाई बन गए। समाज में व्याप्त छुआछूत की भावना के विरुद्ध मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया जिसे हमें आत्मसात करना चाहिए। इसके साथ श्री भारद्वाज ने जोर देते हुए कहा कि हम अपने समाज के बच्चों व युवा वर्ग को शिक्षा की महत्व का एहसास कराए, ताकि समाज की तरक्की हो गई। कार्यक्रम को टीआर जनार्दन, आगर दास डेहरे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश भारती ने किया। इस दौरान गोकुल बंजारे, निर्जल डिंडोरे, खेम सिंह बारले, अरुण खरे, सुरेश बंजारे, बबलू जनार्दन,अनिल मारकंडे, विजय कुर्रे,जीएल कुटियारे,निरंजन डेहरे आरके भारद्वाज, डॉ पवन, रामकुमार भारती समाज के लोग शामिल हुए।

### अगले कार्यक्रम में समाज की एक और बेटी मंच पर आए

एसडीएम पिंकी मनहर ने कहा कि हमारे आराध्य बाबा गुरु घासीदास जी से हमें मानवता की सीख मिली है और हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें। साथ उन्होंने कहा आज इस मंच व कार्यक्रम पर एक अधिकारी होने के नाते नहीं एक समाज की बेटी होने के चलते आई हूं। मेरा सौभाग्य है कि इस कार्यक्रम में मुझे एक प्रेरणा के रूप में लिया जा रहा है। समाज के छात्र छात्रों से चाहूंगी कि वे भी अपनी मेहनत और लगन से हर वो मुकाम हासिल कर सकते हैं, जिन्हें वे सोच कर चले। उम्मीद है कि आने वाले जयंती पर एक और समाज की बेटी मंच पर विराजमान हो कर समाज का नाम ऊंचा करेगी।

# वाजपेयी का जन्म सुशासन दिवस के रूप में मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस सुशासन दिवस के रूप में शहर में मनाया गया। इस अवसर पर तहसील कार्यालय के सामने कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अटल परिसर निर्माण का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साजा मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिशंकर टावरी, प्रदेश महासचिव हनुमंत साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष बल्लू राम साहू, बिसरू, विनोद शर्मा, ज्वाला सिंह राजपूत, समिति अध्यक्ष मोहगांव त्रिलोकी साहू, समिति अध्यक्ष ठेलका पूरन साहू, समिति अध्यक्ष घोटवानी लेखराम साहू, हिमांशु वर्मा, सोनू वर्मा, लुकराम साहू, नेतराम साहू, लोकेश्वरी, नारद साहू, ओंकार साहू, घनश्याम साहू, दुर्गा गोयल संजय सोनी, संतोष शर्मा, जीतू पवार, राजेंद्र ठाकुर, नारद देवांगन, माधवेंद्र सिंह सूरज सिंह राजपूत, लारा यादव नरेंद्र निर्मलकर सेवा राम टंडन शाहिद भारी संख्या में शहर वासी उपस्थित रहे






### नगर पंचायत में वाजपेयी जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनी

**देवकर।** पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती सुशासन दिवस पर नगर पंचायत परिसर में अटल परिसर निर्माण कार्य का वर्चुअल भूमिपूजन मुख्यमंत्री ने किया। वर्चुअल भूमिपूजन पश्चात केंद्र सरकार की नमस्ते योजना के तहत सेप्टिक टैंक सफाई कार्य में संलग्न सफाई कर्मचारियों को पीपीई कीट का वितरण उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी केशराम साहू, उपभियंता संजय मोटवानी, लेखापाल गजाधर यादव एवं अन्य कर्मचारी तथा नगर जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**राजनांदगांव में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

# शांत क्रांति यूथ विंग ने नवाचारी शिक्षिका प्रतीक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ उड़ीसा स्तरीय प्रांतीय सम्मलेन में शांत क्रांति युथ विंग ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो विकासखण्ड साजा की शिक्षिका प्रतीक जैन का सम्मान किया। यह सम्मान 22 दिसंबर को राजनांदगाँव में उन्हें प्रदान किया गया।

यह सम्मान उन्हें संस्था, शाला, संघ और समाज के प्रति कर्तव्य निष्ठा, दिव्यांगता के लिए किए गए उनके विशेष पहल एवं जागरूकता कार्यक्रम तथा एसएफयू के लिए किए गए उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन को मोस्ट एक्टिव पर्सनालिटी फीमेल से सम्मानित किया गया है। शांत क्रांति युथ विंग उनके राष्ट्रीय संघ अखिल भारतीय श्री शांत क्रांति संघ के युवाओं की एक शाखा है जो कि प्रांतीय स्तर पर राष्ट्रीय संघ की नीतियों एवं आदेशों का पालन एवं क्रियान्वयन करती है। बता दें कि एसएफयू मिशन परम पूज्य गुरुदेव 1008 श्री विजय राज जी महाराज साहब के नेतृत्व में संघ के द्वारा पूरे विश्व में आत्महत्या की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शिक्षिका प्रतीक जैन को लगभग ढाई साल पहले छत्तीसगढ़ प्रदेश का ग्रामीण प्रभारी बनाया गया था। उसके बाद से उन्होंने लगभग तीन हज़ार लोगों को गुरुदेव की प्रेरणा से आत्महत्या नहीं करने का संकल्प दिलाया है।



इसके अतिरिक्त शिक्षिका अनवरत आठ साल से दिव्यांगता आधारित भी जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। सम्मान समारोह में भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वैभव गोलछा, वर्तमान अध्यक्ष सपन कांकरिया, प्रांतीय अध्यक्ष प्रिन्स गोलछा, महामंत्री महावीर संचेती एवं संघ के लगभग दो सौ सदस्य उपस्थित थे।

